# ठिठुरन से परेशान लोग, कोहरे के आगोश में दिखी सुबह

**खास बातें**

- क्षेत्र में शीतलहर से लुढ़का तापमान
- सुबह रहता कोहरा, दिनभर सर्दी



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 25 दिसम्बर, क्षेत्र में इन दिनों सर्दी असर दिखा रही है. शीतलहर से तापमान में गिरावट हुई है. वही क्षेत्र में सर्दी को देखते हुए नगरपालिका द्वारा चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करना चाहिये ऐसा लोगों का कहना है.**

क्षेत्र में बढी़ सर्दी से जहां तापमान गिरा है वहीं सुबह कोहरा देखने को मिल रहा है जिससे सुबह चलने वाले वाहन चालक एवं पैदल लोगों कोहरा छाये रहने से संभलकर चलना पड़ रहा है. बच्चों को स्कूल छोड़ने वाले परिजनों को भी सावधानी बतरनी पड़ रही है जिससे कोहरे की बजह से कोई घटना न हो जाये.कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता में भी कम रहने से वाहनों की रफ्तार भी धीमी पड़ती दिखी. इन दिनों शीतलहर एवं सर्दी के कारण सुबह एवं रात्रि के समय सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है. वहीं रात का तापमान में भी गिरावट आ गयी है. जिससे लोग जल्दी अपने घरों में दुबक कर सो जाते है. जानकारों की मानें तो आगामी दिनों में सर्दी एवं कोहरे में ओर अधिक बढ़ोत्तरी होने की संभावना है. लोगों कहना है कि सर्दी से दिनचर्या प्रभावित हो रही है. लोग सर्दी के बचाव के लिए गर्म वस्त्रों के साथ ही सुबह शाम अलाव का उपयोग करते दिख रहे हैं.


### चौक-चौराहों पर हो अलाव की व्यवस्था

क्षेत्र में इन दिनों सर्दी बढ़ने के साथ ही लोग सुबह शाम सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं. पूर्व के वर्षों में नपा द्वारा सर्दी से बचाव के लिए शहर के प्रमुख चौक, चौराहों एवं सड़कों पर अलाव की व्यवस्था की जाती रही थी. नागरिकों ने मांग की है कि नपा द्वारा इस वर्ष भी सर्दी से बचाव के लिए शहर के प्रमुख चौक, चौराहों एवं सड़कों पर अलाव की व्यवस्था की जावे. जिससे लोगों को सर्दी से राहत मिल सके. वही सड़क पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं का भी सर्दी से बचाव हो सके.

## तीन साल से फरार 3 हजार का इनामी आरोपी इंदौर से पकड़ाया

**बिजली डीपी से तेल चोरी के मामले में है आरोपी**

**दीपनाखेड़ा पुलिस को मिली सफलता**



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 25 दिसम्बर, दीपनाखेड़ा पुलिस टीम को बिजली की डीपी से तेल चोरी के प्रकरण में लगभग तीन वर्षों से फरार चल रहे 3 हजार रुपए के घोषित इनामी आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है.**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दीपनाखेड़ा पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी की तलाश करते हुए दीगर जिला इंदौर में दबिश दी गई. जिसके बाद बिजली की डीपी से तेल चोरी के प्रकरण में लगभग तीन वर्षों से फरार चल रहे 3 हजार रुपए के घोषित इनामी आरोपी हरदास प्रजापति निवासी ग्राम जालंधर, जिला सागर को इंदौर से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है. यह सफलता पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी सिरोंज सोनू डाबर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी दीपनाखेड़ा प्रकाश भिलाला के नेतृत्व में मिली. पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया है. पुलिस की इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक प्रकाश भिलाला, प्रधान आरक्षक सुल्तान पटेल, प्रधान आरक्षक दीपक सिंह सेंगर, आरक्षक राजकुमार रघुवंशी एवं आरक्षक अनिल कुशवाह की सराहनीय भूमिका रही.

## आज निकलेगी झंडा यात्रा

**विदिशा,** नर्मदा बस्ती में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं.सम्मेलन के पूर्व आयोजन के अंतर्गत शुक्रवार को झंडा यात्रा एवं भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.आयोजन समिति के अनुसार झंडा यात्रा प्रात: 10.30 बजे रायपुरा विद्यालय चौराहा से प्रारंभ होकर निर्धारित मार्गों से होते हुए निकलेगी. इसके उपरांत दोपहर 12 बजे बंगला घाट पर भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न होगा. उल्लेखनीय है कि नर्मदा बस्ती का हिंदू सम्मेलन 4 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा.



## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन, पुतला दहन हुआ

**नवभारत न्यूज**

**पठारी, बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों और हिंसक घटनाओं के विरोध में बस स्टैंड पर हिंदू संगठनों द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया. हिंदू साम्राज्य सेना एवं सकल हिंदू समाज पठारी के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए.**

प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश सरकार के प्रतीकात्मक पुतले का दहन कर नारेबाजी की. प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ लगातार अन्याय, हिंसा और अत्याचार हो रहे हैं, जिसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर गंभीरता से उठाया जाना चाहिए.कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने हेतु कूटनीतिक स्तर पर ठोस कदम उठाए जाएं.प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा. कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर हर-हर महादेव और जय श्री राम के जयकारे लगाए.

## अस्पताल में एएनएम के पति ने किया हंगामा

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, नगर के शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई. जब ड्यूटी व्यवस्था से नाराज एक एएनएम के पति ने अस्पताल परिसर में हंगामा कर दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार एक एएनएम पहले से ही अधिक कार्यभार से परेशान थीं. और नई जगह ड्यूटी लगाए जाने को लेकर असंतोष जता रही थीं.**

उन्होंने ड्यूटी कैंसिल कराने का प्रयास भी किया, लेकिन जब ऐसा नहीं हो सका तो मामला तूल पकड़ गया. इसी बात से नाराज होकर उनके पति अस्पताल परिसर में पहुंच गए और अधिकारियों व स्टाफ के साथ तीखी बहस करने लगे. जिससे अस्पताल में मौजूद मरीज और कर्मचारी दहशत में आ गए. स्थिति को संभालने के लिए अस्पताल प्रबंधन को काफी मशक्कत करनी पड़ी. बीएमओ ने थाने में शिकायत दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया.

## वकीलों ने दिया धरना

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** वकीलों ने अनाज व्यापारियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जय स्तंभ चौक पर दिया धरना और कहा कि व्यापारियों पर और कड़ी धाराएं लगाई जावे और उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जावे.

अनाज व्यापारियों ने अभिभाषक संघ के एक वकील के साथ मारपीट अभद्रता की है.इसके साथ किसानों के साथ भी मारपीट की गई.इससे पहले भी किसानों को अपमानित कर उनके साथ मारपीट की घटनाएं होती रही है जो गलत है. पुलिस को अपराधी किस्म के व्यापारियों पर करवाई करना चाहिए.परंतु पुलिस जांच के नाम पर उन्हें बक्सा जा रहा है.

### वाहन रैली निकाल कर गांव-गांव पहुंच कर दी सूचना

**नवभारत न्यूज**

**हैदरगढ़,** कस्बा हैदरगढ़ में 11 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन के लिए ग्राम-ग्राम संपर्क अभियान चलाया जाएगा. इसी के तहत आज हैदरगढ़ के हिन्दू संगठन के युवाओं द्वारा बाइक रैली निकाली गई जिसमें आज चिर्रोदा चिकली मोहम्मदगढ़ खिरिया जागीर रमपुरा बरवाई नोरजा छोटी बसिया बड़ी बसिया आदि गांव गांव जा कर 11 जनवरी को होने वाले आयोजन के संबंध में अवगत कराया ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस आयोजन से जोड़ा जा सके. सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में एकता, आपसी समझ और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करना है.

## बैठक में युवाओं, महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर हुई चर्चा

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, स्थानीय कुरवाई बायपास रोड पर एक गार्डन में कुशवाह समाज की बैठक का आयोजन किया गया. जिसमें समाज में जागरूकता पर जोर दिया गया. बैठक में समाजजनों ने नशामुक्ति, मृत्युभोज बंद करने सहित समाज में शिक्षा पर जोर दिया. इस दौरान समाज के शिक्षित बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर चर्चा की गई. महिलाओं को सिलाई, कड़ाई के साथ साथ कंप्यूटर आदि की ट्रेनिंग देकर स्वरोजगार स्थापित कराने पर चर्चा हुई. साथ ही गांव गांव में समाज के युवाओं को संगठन से जोड़कर संगठन को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया गया.**




इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष राकेश कुशवाह, सचिन कुशवाह, इंद्र सिंह कुशवाह, नथन सिंह कुशवाह, दिमान सिंह कुशवाह, रामबाबू कुशवाह, भूरा कुशवाह, आशाराम कुशवाह, बबलू, गोपाल, राधेश्याम कुशवाह, धर्मेंद्र कुशवाह, राहुल, कंछेदी लाल कुशवाह, दौलत सिंह, जालम सिंह, प्रदीप, प्रताप सिंह, राकेश, थान सिंह, लेखराज, शिवम, चरण सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे.


- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

नि:शुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित

सुनो रेडियो 84 35 250 250

प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए


**न्यायालय तहसीलदार तहसील कुरवाई, जिला विदिशा म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक 0918/अ-6/2025-26

प्रेस विज्ञप्ति

**श्याम मनोहर पुत्र रामानंद तिवारी निवासी नई बस्ती तहसील बीना--आवेदक**

*बनाम*

**मध्यप्रदेश शासन - - - - - अनावेदक**

आवेदक द्वारा इस न्यायालय में वसीयतनामा के आधार पर ग्राम मलियाखेडा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 121/5, 122/4, 139/2,143/4, 145, 148/3, 149/3, 149/4, 150/4 कुल किता 08 कुल रकवा 3.858 हैक्टेयर, भूमि पर वसीयतकर्ता स्व.रामाबाई पत्नि भागीरथ जाति ब्राहम्मण निवासी ग्राम मलियाखेडा के स्थान पर आवेदक श्याममनोहर पुत्र रामानंद तिवारी निवासी बीना जिला सागर के नाम नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। यह कि प्रकरण में सर्वसाधारण को अथवा उनके अधिवक्ता या अभिकर्ता जिसको भी आपत्ति हो तो दिनांक 31.12.2025 को दिन के 11 बजे मेरे इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रकरण में आपत्ति पेश कर सकते हैं। यदि किसी कारण से उक्त दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है, अथवा कार्यदिवस स्थिगित हो जाता है, तो अगले कार्य दिवस पर प्रकरण का श्रवण किया जायेगा। आज दिनांक 18.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से निगमित किया गया है।

**तहसीलदार**

तहसील कुरवाई, जिला विदिशा म.प्र.

## सांसद खेल महोत्सव में सिरोंज के खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** सांसद खेल महोत्सव का गुरुवार को सागर में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद डॉ. लता वानखेड़े एवं संसदीय क्षेत्र के विधायकों की उपस्थिति में समापन हुआ. इस प्रतियोगिता में सिरोंज विधानसभा की ओर से नगर के खिलाड़ियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया. इस संबंध में जानकारी देते हुए केशव शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में क्रिकेट 19 वर्ष बालिका में प्रथम, क्रिकेट 19 वर्ष बालक में प्रथम, हॉकी 19 वर्ष बालिका में द्वितीय, हॉकी 19 वर्ष बालक में द्वितीय, हॉकी ओपन वर्ग बालक में द्वितीय, हॉकी ओपन वर्ग बालिका में द्वितीय स्थान प्राप्त किया. इस मौके पर अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये गये.



### 29 दिसंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**नवभारत न्यूज**

सिरोंज, पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 उत्तरार्द्ध के अंतर्गत जनपद पंचायत सिरोंज की ग्राम पंचायत कूजा में रिक्त सरपंच पद के निर्वाचन के लिए मतदान की तिथि 29 दिसंबर 2025 सोमवार निर्धारित की गई है. निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत कूजा क्षेत्र में दो मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं. इनमें मतदान केन्द्र क्रमांक 207 प्राथमिक शाला भवन कूजा तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 208 प्राथमिक शाला भवन कजरी बरखेड़ा शामिल हैं, जहां पात्र मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे. मतदान को सुचारु रूप से संपन्न कराने एवं मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत कूजा एवं संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में निवासरत शासकीय, अर्द्धशासकीय तथा शासकीय निगमों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए 29 दिसंबर 2025 सोमवार को एक दिवस का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है. जिससे संबंधित कर्मचारी निर्बाध रूप से मतदान में भाग ले सकें.

## शिविर में 450 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 25 ने किया रक्तदान



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, सुशासन सप्ताह के समापन पर गुरुवार को बासौदा नाका पर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें नागरिकों द्वारा अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिये गये. इस दौरान चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में करीब 450 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. साथ ही 10 लोगों की ईसीजी जांच की गई. इस दौरान रक्तदान शिविर में करीब 25 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया.**

शिविर का शुभारंभ नपाध्यक्ष मनमोहन साहू एवं पार्षदों द्वारा मां सरस्वती जी का पूजन एवं कन्या पूजन कर किया गया. शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा काउंटर लगाए गए. जिनपर पहुंचकर नागरिकों ने अपनी समस्याओ से संबंधित आवेदन दिये. शिविर में समस्त विभागों के 45 आवेदन प्राप्त हुए.

शिविर स्थल पर चिकित्सा विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया. जिसमें करीब 450 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. साथ ही अनुभवी चिकित्सक द्वारा 10 लोगों की नि:शुल्क ईसीजी जांच की गई. वहीं महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु दो अनुभवी महिला चिकित्सक भी मौजूद रही. वहीं जिला मुख्यालय से स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया. जिसमें करीब 25 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया. इसमें अनुविभागीय अधिकारी, सीएमओ, अधिकारी, कर्मचारियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया. इस दौरान कई महिलाओं ने भी रक्तदान किया. इस मौके पर रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया. अंत में नपाध्यक्ष मनमोहन साहू ने आभार जताया. इस दौरान जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे.

## अटल जी का 101वां जन्म शताब्दी दिवस मना

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का 101 वां जन्म दिवस पंडित मदन मोहन मालवीय का जन्म जयंती एवं योग गुरु बाबा रामदेव का जन्म दिवस.तथा कॉमेडियन कलाकार राजू श्रीवास्तव का जन्म दिवस मनाया गया.**

कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया एवं उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा की देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल जी का जन्म ग्वालियर में हुआ. वहीं मदन मोहन मालवीय जी का 164 पर जन्म दिवस से मनाया गया. इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें इस सदी का महानायक एवं जननायक बताया एवं उनके आदर्श एवं सिद्धांतों पर चलने का संकल्प भी उपस्थित वक्ता एवं पाठकगण ने लिया.अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया1इस अवसर पर कैलाश नामदेव गोपाल सिंह ठाकुर उत्तम सोनी शैंकी दांगी छोटेलाल मुकेश सेन समरजीत टीपू सोलंकी आदि उपस्थित थे.

**आयोजन** | **हजारों हिन्दू समाजजन हुए एकत्र, सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता का संदेश**

# आनंदपुर में विराट हिन्दू सम्मेलन, निकली यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**आनंदपुर, सकल हिन्दू समाज आनंदपुर के तत्वधान में गुरुवार को विराट हिन्दू सम्मेलन एवं भंडारा भव्य और ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ. सम्मेलन में क्षेत्रभर से हजारों हिन्दू समाजजन शामिल हुए. इस अवसर पर सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार रखे गए.**



कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से हुआ. इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया.वक्ताओं ने कहा कि आज समय की मांग है कि हिन्दू समाज जाति, वर्ग और संगठन से ऊपर उठकर एकजुट हो तथा अपनी सांस्कृतिक पहचान और मूल्यों की रक्षा के लिए संगठित प्रयास करे.सम्मेलन को संबोधित करते हुए संत-महात्माओं और समाजसेवियों ने कहा कि हिन्दू समाज की परंपरा सर्वे भवन्तु सुखिन: की रही है, किंतु वर्तमान दौर में सामाजिक जागरूकता और संगठन की नितांत आवश्यकता है.युवाओं से नशा, सामाजिक कुरीतियों और विघटनकारी प्रवृत्तियों से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया गया.कार्यक्रम में धर्मांतरण, शिक्षा, संस्कार, सामाजिक समरसता, गौ-रक्षा एवं सांस्कृतिक संरक्षण जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई. वक्ताओं ने कहा कि ऐसे सम्मेलन समाज को जागृत करने का सशक्त माध्यम हैं.

### छात्रों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

सरस्वती ज्ञान मंदिर मिडिल स्कूल आनंदपुर के छात्र-छात्राओं ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसमें बच्चों और समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक असर को दर्शाया गया. वहीं आक्षिका एकेडमी हाई स्कूल आनंदपुर के विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति, हेलमेट से सुरक्षा और जातिवाद से होने वाले सामाजिक नुकसान पर प्रस्तुति देकर संदेश दिया.कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक सौरभ सिंह ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर जोर देते हुए पॉलिथीन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि भारतीय होने के नाते स्वदेशी अपनाना हम सभी का दायित्व है.इस अवसर पर संत महेश्वर दास जी महाराज, महंत गंज हनुमान मंदिर बासौदा तथा सत्यनारायण जी गिरी (पचमढ़ी) विशेष रूप से उपस्थित रहे. सम्मेलन में महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठजनों की उल्लेखनीय सहभागिता रही1 अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.